प्रदेश के विकास में भागीदार बनें युवा

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। आईआईटी रुड़की पर पूरे देश को गर्व है। यहां से पढ़कर निकले युवा देश के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये युवा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर प्रदेश के विकास में भी भागीदार बन सकते हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ये बातें रविवार को गोमतीनगर के एसएनए में आयोजित रुड़की एल्युमिनाई एसोसिएशन के 25वें वार्षिकोत्सव में कहीं। इस दौरान रूड़की रोबोट नाट्य मंचन भी हुआ।

रुड़की एल्युमिनाई के वार्षिकोत्सव में बोले मुख्य सचिव

एसोसिएशन की स्मारिका का विमोचन करते मुख्य सचिव मनोज सिंह व अन्य। -संवाद

उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में औद्योगिक टाउनशिप बसाई जा रही है। यह नोएडा से भी बड़ा शहर होगा। वहीं, सीईओ इनवेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि प्रदेश में डिफेंस, शिक्षा, स्वास्थ्य, नवीन खेती, विद्युत, फल-फूल उद्यान, चमड़ा क्षेत्रों में उद्योग की संभावनाएं हैं। युवा वर्ग लखनऊ में नए-नए स्टार्टअप लगाने के लिए आगे आएं। इस मौके पर एसोसिएशन की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, सचिव राजेश अग्रवाल ने अभियंता व आर्किटेक्ट्स को सम्मानित किया।